an>

Title: Need to set up institutes of technical education in Bhind and Datia districts of Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) ः कौशल विकास (Skill Development) भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। भारत की आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 25 साल से कम उम्र का है। अतः युवा वर्ग की गुणात्मक शिक्षा के साथ कौशल विकास आवश्यक है। उनके कौशल के माध्यम से ही युवा शक्ति का रचनात्मक उपयोग तथा भारत का उत्थान हो सकता है।

मध्य प्रदेश के भिण्ड लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत भिण्ड एवं दतिया जिले शिक्षा एवं कौशल विकास की दृष्टि से पीछे हैं। पूर्व में यह क्षेत्र डकैती समस्या से ग्रसित रहा है और अब बेरोज़गारी की मार झेल रहा है। इस क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की दृष्टि से निजी सैक्टर की उपस्थिति नगण्य है। इस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में शासकीय भूमि उपलब्ध है। अतः भारत सरकार के बडे प्रशिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में स्थापित किये जा सकते हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि दोनों जिलों में बडे स्तर पर आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा पर आधारित भारत सरकार की ओर से बड़े संस्थान खोले जाएं।